# CTET 2019 परीक्षा के लिए हल सहित हिंदी भाषा मॉडल पेपर



Prep Smart. Score Better. Go gradeup

www.gradeup.co

1. भाषा को सिखाने की प्रक्रिया में प्रथम चरण होता है

A. सही शिक्षण विधि का चयन

B. शिक्षार्थी के सही मानसिक स्तर का ज्ञान

C. कक्षा में सही भाषिक परिवेश का निर्माण

D. सही शिक्षण सामग्री का चयन

2. लिखित भाषा का अस्तित्व एवं विकास _____ के अभाव में नहीं हो सकता

A. समाज B. साहित्य

C. लिपि D. पाठ्यपुस्तक

3. भाषा अर्जित करने की प्रक्रिया में सबसे महत्वपूर्ण स्थान है।

A. संचार साधनों का

B. सामाजिक अन्तः क्रिया का

C. वाचन कौशल का

D. बाल साहित्य का

4. भाषा की पाठ्य-पुस्तक में _______ से सम्बन्धित पाठ होना चाहिए?

A. विज्ञान B. संस्कृति

C. साहित्य D. ये सभी

5. नेहा अपनी कक्षा में शिक्षण के लिए विविध पाठ्य सामग्री का प्रयोग करती है और नियमित रूप से छात्रों का भाषा-आकलन भी करती है। इसका अर्थ है कि वह

A. क्रियाशीलता के सिद्धांत का पालन कर रही है

B. एक योजना के अनुरूप शिक्षण कर रही है

C. बच्चों की प्रतिभागिता पर बल दे रही है

D. भाषा के व्यावहारिक पक्ष पर बल दे रही है

6. यदि शिक्षक कक्षा में लोकोक्तियों, मुहावरों आदि का ज्ञान देना चाहता है, तो सबसे बेहतर विकल्प क्या होगा?

A. सही उदाहरणों द्वारा इनका संदर्भ में प्रयोग सीखना

B. मुहावरे, लोकोक्ति युक्त सही पाठ का चयन करना

C. कक्षा में इससे सम्बंधित अर्थ और उदाहरणों का चार्ट

D. नियत कार्य में अधिक मुहावरों का प्रयोग करना

7. भाषा शिक्षक के लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि वह

A. पाठ्यपुस्तक के अभ्यास के द्वारा सही आकलन करे

B. पाठ्यपुस्तक समय सीमा के भीतर समाप्त कराये

C. पाठ्यपुस्तक के अतिरिक्त भाषा प्रयोग के अवसर दे

D. पाठ्यपुस्तक को ही आकलन का एकमात्र माध्यम माने

8. वागिंद्रियों में दोष के कारण

A. ध्वनि के उत्पादन में समस्या उत्पन्न हो सकती है

B. उच्चारण में समस्याएँ आ ही जाती हैं

C. बच्चा सही बोलने में असमर्थ हो जाता है

D. बच्चे का मूल्यांअकन सही नहीं हो पाता

9. विद्यार्थियों के कौशलों के आकलन हेतु पोर्टफोलियो सबसे बेहतर उपाय है क्यूंकि?

A. यह विद्यार्थियों की व्यक्तिगत क्षमता से परिचित कराता है

B. यह साक्ष्यों को एकत्रित करने में सहायक होता है

C. यह विद्यार्थियों की क्रमिक प्रगति बताता है

D. यह तुलनात्मक आकलन में सहायक होता है

**निर्देश:** नीचे दिए गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए ।

10. कक्षा पाँच के बच्चों की हिंदी भाषा का आकलन करने में कौन-सा प्रश्न सर्वाधिक उपयोगी है?

A. झूरी के बैलों के नाम बताइए ।

B. गया कैसा व्यक्ति था?

C. हीरा समझदार था या मोती? क्यों?

D. झूरी के कितने बैल थे?

11. पठन कौशल में सर्वाधिक ध्यान दिया जाना चाहिए

A. सही लय, गति एवं प्रवाह का

B. गंभीर विचार एवं विश्लेषण पर

C. सही अर्थ ग्रहण पर

D. सही और मानक उच्चारण पर

12. प्राथमिक स्तर पर श्रवण कौशल के विकास हेतु विषयवस्तु का
A. रोचक होना अत्यावश्यक है
B. शिष्ट और सभ्य होना आवश्यक है
C. सरल और स्वाभाविक होना ज़रूरी है
D. जीवन से जुड़ा होना ज़रूरी है

13. निम्नलिखित में मौखिक अभिव्यक्ति का रूप है।
A. शुद्ध वर्तनी B. सुलेख
C. श्रुतलेख D. आशु भाषण

14. रीमा अक्सर अक्षरों को रिवर्सिंग क्रम में देखती है और उस कारण अक्षरों को आगे पीछे पढ़ती और लिख देती है। संभवतः रीना
A. शिक्षा के प्रति उदासीन है
B. डिस्लेक्सिआ से ग्रसित है
C. डिसग्राफिआ से ग्रसित है
D. दृष्टि दोष से ग्रसित है

15. प्रथम कक्षा में पढ़ने वाला रोहन अक्सर 'र' को 'ल' बोलता है। एक भाषा शिक्षक के रूप में आपका कर्तव्य है कि
A. उसे सही उच्चारण का पूर्ण अभ्यास करवाएं
B. उसे टोकें नहीं और स्वयं सुधार के अवसर दें
C. स्वयं के शुद्ध उच्चारण पर ध्यान दें
D. कक्षा में उसे सही उच्चारण करने के लिए कहें

**निर्देश (16 – 21)** : नीचे दिए गए पधांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही/सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए | हवा चले अनुकूल तो नावें नौसिखिए ही खे लेते हैं, सहज डगर पर लंगड़े भी चल बैसाखी से लेते हैं | मिट जाते जो दीप स्वयं रोशन कर लाख चिरागों को नमन उन्हें है, जो लौटा लाते हैं गई बहारों को | फैलाकर के हाथ किसी के सम्मुख झुकना आसां है, बहती नदिया से पानी पी प्यास बुझाना आसां है, नित्य खोदकर नए कुएँ जो सबकी प्यास बुझाते हैं, वही लोग हैं जो सदियों तक जग में पूजे जाते हैं |

16. कवि उन्हें नमन कर रहा है जो:
A. लाखों दीपक जलाते हैं
B. लहरों पर नाव चला लेते हैं
C. सरल मार्गों पर चलते हैं
D. दूसरों को प्रेरणा देकर मरते हैं

17. कविता में 'बैसाखी' का भावार्थ है:
A. सहारा B. सीढ़ी
C. एक फसल D. एक महिना

18. **'पानी पी प्यास बुझाना आसां है'**में अलंकार है:
A. मानवीकरण B. उपमा
C. रूपक D. अनुप्रास

19. समाज उन्हें सदा सम्मानित करता है, जो:
A. अपने कामों से सबका हित करते हैं
B. सदियों तक पूजे जाते हैं
C. नित्य नए कुएँ खोदते हैं
D. प्यासे को पानी पिलाते हैं

20. कवि के अनुसार उनका जीवन आसान नहीं है, जो:
A. बैसाखी के सहारे चलते हैं
B. परिश्रम से बीती बहारों को लौटा लाते हैं
C. स्वयं अपने ही लिए साधन जुटाते हैं
D. लोगों के सामने हाथ फैलाते हैं

21. 'नौसिखिया' शब्द का अर्थ है।
A. नए विषय पढ़ने वाला
B. नया सिखाने वाला
C. नया सीखने वाला
D. नौ विषय जानने वाला

**निर्देश- (22 – 30 ) :** गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों में सबसे उचित विकल्प चुनिए
मैं जिस घर में रहती थी, वहाँ मेरी आदत बहुत सवेरे उठने की थी, एक दिन उतने सवेरे एक छोटा बच्चा, जो शायद डेढ़ साल से कम का होगा, मेरे कमरे में आया, मैने सोचा कि वह शायद भूखा होगा और मैंने पूछा कि वह कुछ खाना चाहता है ? उसने उत्तर दिया, 'कीड़े' मैंने आश्चर्य से कहा, 'कीड़े ?' जब उसने देखा कि मेरी समझ में उसकी बात नहीं आ रही है तो मेरी सहायता के लिए उसने एक शब्द और जोड़ा, 'अण्डा,' मैंने अपने मन में सोचा कि इतने सवेरे कुछ पीना चाहता है क्या ? यह आखिर कहना क्या चाह रहा है ? उसने फिर कहा, 'नीना, अण्डे, कीड़े,' अब मुझे पूरी बात समझ में आ गई, एक दिन पहले, उसकी बहन

नीना कागज पर अण्डे की शक्ल बनाकर उसमें रंग भर रही थी, इस बच्चे की इच्छा थी कि वह भी रंग भरे, पर नीना ने उसे गुस्से में आकर भगा दिया, उसने नीना का विरोध नहीं किया और बड़े धैर्य और लगन के साथ मौके का इन्तजार करता रहा, मैंने उसे क्रेयॉन का रंग दे दिया और उसका चेहरा खुशी से दमक उठा, उससे अण्डे के आकार की रेखा नहीं खींची गई, तो मैंने उसके लिए चित्र बना दिया, फिर उसने अपनी टेढ़ी-मेढ़ी लकीरों से उसमें रंग भरना शुरू कर दिया, उसकी बहन सीधी रेखाओं में रंग भरती थी और उसने कीड़े की तरह लहरदार रेखाओं में रंग भरा। -मारिया मांटेसरी

22. बच्चे ने 'कीड़े' के बाद 'अण्डा', 'नीना अण्डे कीड़े' शब्दों का प्रयोग किया, क्योंकि-

A. वह जान गया था कि लेखिका उसकी बात समझ नहीं पाई है

B. वह रंग भरने की बात बताना चाहता था

C. वह अण्डा बनाना चाहता था

D. वह कागज और क्रेयॉन चाहता था

23. अनुच्छेद से पता चलता है कि डेढ़ साल के बच्चे-

A. तसवीरें चाहते हैं

B. कागज चाहते हैं

C. संप्रेषण के लिए कथ्य के मुख्य शब्दों का प्रयोग करते हैं

D. रंग चाहते हैं

24. टेडी-मेढ़ी लकीरों को 'कीड़े' कहना इस ओर संकेत करता है कि बच्चा-

A. दो अलग चीजों में आकृति के आधार पर समानता खोज लेता है

B. हर हालत में अपनी बात कह देता है

C. लकीरो को कीड़ा मानता है

D. टेढ़ी-मेढ़ी लकीरें ही बना सकता है

25. डेड साल का बच्चा 'अण्डा' नहीं बना पाया, यह बात किस ओर संकेत करती है ?

A. बच्चा अण्डा नहीं बना सकता

B. बच्चा चित्र बनाने में सक्षम नहीं है

C. बच्चे ने अण्डा देखा नहीं इसलिए वह अण्डा नहीं बना पाया

D. उसका अभी अपने हस्त संचालन की गति और दिशा पर नियन्त्रण नहीं हो पाया है

26. रेखाओं को बच्चे ने 'कीड़े' कहा, बच्चा वृत्त को क्या कह सकता है ?

A. चम्मच
B. चूड़ी
C. पेड़
D. छतरी

27. 'उतने सवेरे' पद में 'उतने' शब्द किस ओर संकेत करता है ?

A. सवेरे की ओर

B. बहुत सवेरे की ओर

C. सवेरे का वह समय जितने बजे लेखिका को उठने की आदत है

D. बहुत जल्दी

28. अनुच्छेद में से मिश्रित वाक्य का उदाहरण है -

A. उसने नीना का विरोध नहीं किया और बड़े धैर्य और लगन के साथ मौके का इन्तजार करता रहा

B. यह आखिर कहना क्या चाह रहा है ?

C. अब मुझे पूरी बात समझ में आ गई

D. मैंने आश्चर्य से कहा, 'कीड़े' ?

29. 'उसका चेहरा खुशी से दमक उठा', वाक्य में गहरे अंश के स्थान पर कौन सा मुहावरा आएगा ?

A. खिल उठा

B. खुश हो गया

C. खुशी से फूला न समाया

D. गद्-गद् हो गया

30. 'इतने सवेरे कुछ पीना चाहता है क्या?' वाक्य में 'छ' शब्द हैं -

A. अनिश्चयवाचक सर्वनाम

B. प्रश्नवाचक सर्वनाम

C. अनिश्चयवाचक संख्यावाचक विशेषण

D. निश्चयवाचक सर्वनाम

## ANSWERS

1. Ans. B.

कुछ भी सिखाने से पूर्व ये जानना अनिवार्य होता कि सामने वाले को कितना ज्ञान है, जिससे सिखाने का प्रारम्भ वहीं से हो।

2. Ans. C.

लिखित भाषा का अस्तित्व एवं विकास सम्भतः लिपि के अभाव में कभी नहीं हो सकता । क्यूंकि कोई भी भाषा को लिखने के लिए लिपि की आवश्यकता होती है।

3. Ans. B.

भाषा अर्जित करने में सामजिक अंतःक्रिया का सबसे महत्वपूर्ण योगदान होता है।

4. Ans. D.

भाषा की पाठ्य-पुस्तक में सभी प्रकार के विषयों को शामिल करना चाहिए जिससे अधिक से अधिक भाषा का विकास हो सके। इसे सहायक-सामग्री की सहायता से पढ़ाना चाहिए। सहायक सामग्रियों के प्रयोग के समय शिक्षक भी अपने अध्यापन के प्रति उत्साहित रहता है। परिणामस्वरूप कक्षा का वातावरण हमेशा सकारात्मक बना रहता है।

5. Ans. B.

यदि नेहा कक्षा में आवश्यकतानुसार विविध पाठ्य सामग्रियों का इस्तेमाल कर रही है और नियमित रूप से बच्चों का आकलन भी कर रही है, तो इसका अर्थ है कि वह एक योजना बनाकर या सुसंबद्ध तरीके से शिक्षण को आगे बढ़ा रही है।

6. Ans. A.

व्याकरण शिक्षण सदैव सन्दर्भ में सिखाना ही सबसे प्रभावपूर्ण होता है। सही उदाहरणों द्वारा बच्चे ुहावरों का व्यावहारिक ज्ञान और प्रयुक्ति भी सीख जाएंगे।

7. Ans. C.

भाषा सिखाने में सबसे महत्वपूर्ण होता है भाषा प्रयोग के अधिकाधिक अवसर प्रदान करना। इसी से छात्र भाषा का अधिक ज्ञान रूचि के साथ ले पाएंगे।

8. Ans. A.

वागिंद्रियों का अर्थ होता है वे इन्द्रियाँ जो वाचन/बोलने में प्रयोग हों, जैसे ओष्ठ, जिव्हा, कंठ आदि। यदि इनमे दोष हो, तो शरीर से ध्वनि के उत्पादन में समस्या उत्पन्न होने कि संभावना रहती है। परतु ऐसा अनिवार्य नहीं कि अवरोध अवश्य ही होगा।

9. Ans. C.

पोर्टफोलियो विद्यार्थी की क्रमिक प्रगति को बताकर हर स्तर पर सुधार करने के और सही दिशा में जाने के लिए प्रेरित करता है।

10. Ans. C.

कक्षा पाँच के बच्चों की हिंदी भाषा का आकलन करने में सर्वाधिक उपयोगी प्रश्न है - हीरा समझदार था या मोती? क्यों?

11. Ans. C.

पठन कौशल में सबसे ज़्यादा महत्त्व अर्थग्रहण पर दिया जाता है। लय, गति, प्रवाह आदि वाचन कौशल के अंतर्गत भी आ जाते हैं।

12. Ans. A.

प्राथमिक स्तर पर मुख्य उद्देश्य बच्चों से स्वतंत्र रूप से अधिकाधिक भाषा के बोलने और सुनने का प्रयोग करवाना होता है। इसलिए श्रवण सामग्री का रुचिपूर्ण होना अत्यावश्यक है।

13. Ans. D.

आशु भाषण मौखिक अभिव्यक्ति का रूप है,किसी विषय पर बिना किसी तैयारी किए स्वाभाविक रूप से बोलना और तर्कों के माध्यम से अपनी बात को सिद्ध करने को आशुभाषण कहते हैं।

14. Ans. B.

वर्णों , अक्षरों को गलत क्रम में देखने के कारण गलत पढ़ना और लिखना डिस्लेक्सिआ के ही लक्षण हैं। वैसे तो यह पढ़ने में कठिनाई को दर्शाती है , परन्तु कुछ विद्वान् इसे एक दृश्य मुद्दे के रूप में भी मानते हैं।

15. Ans. B.

प्राथमिक स्तर पर बच्चे को भाषा का अधिक प्रयोग करने के अवसर दें। बार बार त्रुटियाँ उजागर करने से बच्चो को कार्य नीरस, अरुचिपूर्ण लगने लगता है। उसका आत्मविश्वास भी कमज़ोर हो सकता है। इसलिए भाषा के आधारभूत कौशल जैसे बोलना और सुनने पर स्वतंत्रता प्रदान करें और उसे समय दें कि वह स्वयं धीरे धीरे सुधार करे।

16. Ans. D.

पद्यांश के भाव से पता चलता है कि कवि जो दूसरों को प्रेरणा देकर मरते हैं उन्हें नमन कर रहा है| अत: विकल्प D सही है|

17. Ans. A.

काव्यांश में प्रयुक्त 'बैसाखी' शब्द का भावार्थ सहारा शब्द से है जिसका अर्थ होता है मददगार| लंगड़े भी सहज डगर में बैसाखी द्वारा चल लेते है|

18. Ans. D.

'पानी पी प्यास बुझाना आसां है' पंक्ति में अनुप्रास अलंकार है | जहां पर वर्णों की आवृत्ति बार-बार हो वहां अनुप्रास-अलंकार होता है। **जैसे -** पानी पी प्यास बुझाना आसां है, चारू-चंद्र की चंचल किरणें खेल रही थीं जल-थल में।

19. Ans. A.

पद्यांश के भाव से यह पता चलता है कि समाज उन्हें सदा सम्मानित करता है, जो अपने हित के लिए नहीं बल्कि अपने कामों से सबका हित करते हैं। पद्यांश की अंतिम पंतियो से यह ज्ञात होता है कि समाज उन्हें सदा सम्मानित करता है, जो अपने कामों से सबका हित करते हैं

पंतिया - नित्य खोदकर नए कुएँ जो सबकी प्यास बुझाते हैं, वही लोग हैं जो सदियों तक जग में पूजे जाते हैं

20. Ans. B.

**पद्यांश में प्रयुक्त "नमन उन्हें है, जो लौटा लाते हैं गई बहारों को"** वाक्य में कवि यह कहना चाह रहा है कि उनका जीवन आसान नहीं है जो परिश्रम से बीती बहारों को लौटा लाते हैं ।

21. Ans. C.

नौसिखिया शब्द का अर्थ होता है नया सीखने वाला । नौसिखिया का विलोम शब्द दक्षया, पारंगत होता है ।

22. Ans. A.

गद्यांश की उक्त पंक्तियों (जब उसने देखा कि मेरी समझ में उसकी बात नहीं आ रही है तो मेरी सहायता के लिए उसने एक शब्द और जोड़ा, 'अण्ड़ा,') से यह स्पष्ट होता है कि बच्चे ने 'कीड़े' के बाद 'अण्डा', 'नीना अण्डे कीड़े' शब्दों का प्रयोग किया, क्योंकि वह जान गया था कि लेखिका उसकी बात समझ नहीं पाई है।

23. Ans. C.

अनुच्छेद से पता चलता है कि डेढ़ साल के बच्चे अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए पूर्णतया बोल नहीं पाते इसलिए वे संप्रेषण के लिए कथ्य के मुख्य शब्दों का प्रयोग करते हैं।

24. Ans. A.

टेडी-मेढ़ी लकीरों को 'कीड़े' कहना इस ओर संकेत करता है कि बच्चा दो अलग चीजों में आकृति के आधार पर समानता खोज लेता है।

25. Ans. D.

डेड साल का बच्चा 'अण्डा' नहीं बना पाया, यह इस बात ओर संकेत करती है उसका अभी अपने हस्त संचालन की गति और दिशा पर नियन्त्रण नहीं हो पाया है।

26. Ans. B.

बच्चे आकृतियों को उनके आकार से मापते हैं अतः जिस तरह बच्चा टेड़ी मेड़ी रेखाओं को बच्चे 'कीड़े' कहते हैंउस ही तरह बच्चा वृत्त को चूड़ी के गोल आकार से माप सकता है

27. Ans. C.

गद्यांश की उक्त पंक्तियों (मैं जिस घर में रहती थी, वहाँ मेरी आदत बहुत सवेरे उठने की थी, एक दिन उतने सवेरे एक छोटा बच्चा) से यह स्पष्ट होता है कि, 'उतने सवेरे' पद में 'उतने' शब्द सवेरेका वह समय जितने बजे लेखिका को उठने की आदत है की ओर संकेत करता है।

28. Ans. A.

वाक्य (उसने नीना का विरोध नहीं किया और बड़े धैर्य और लगन के साथ मौके का इन्तजार करता रहा) दो वाक्यों का मिश्रिण है, एक (उसने नीना का विरोध नहीं किया) और दूसरा (नीना लगनके साथ मौके का इन्तजार करता रहा)।

29. Ans. C.

'उसका चेहरा खुशी से दमक उठा', वाक्य में 'खुशी से दमक उठा' के स्थान पर 'खुशी से फूला न समाया' मुहावरा आएगा।

30. Ans. A.

'कुछ' अनिश्चयवाचक सर्वनामहै। क्योंकि 'कुछ' शब्द निश्चित मात्रा को इंगित नहीं करता।